न्यायालय सहा0कले0प्रथम श्रेणी / उपजिलाधिकारी, अकबरपुर, कानपुर देहात। (15)

वाद सं0 – 72 अन्तर्गत धारा 143, ज0वि0अधिनियम

ग्राम – जगनपुर परगना व तहसील अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

प्रेमवती प्रकाशनरायण महाविद्यालय बनाम सरकार

निर्णय

प्रस्तुत वाद में प्रेमवती प्रकाशनारायण महाविद्यालय द्वारा प्रबन्धक रविशशि द्विवेदी पुत्र प्रकाशनरायण द्विवेदी प्रेमवती प्रकाशनारायण महाविद्यालय समिति ग्राम रूरा तहसील अकबरपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा धारा 143ज0वि0अधि0 का वाद योजित करते हुए कहा है कि ग्राम जगनपुर में खाता सं0 11 गाटा सं0 226 रकबा 1.1850हे0 भूमि पर कोई कृषि कार्य नहीं हो रहा है, उक्त भूमि अकृषिक भूमि घोषित किया जाए।

उक्त प्रकरण की जांच तहसीलदार अकबरपुर से करायी गयी उन्होनें अपनी जांच आख्या दिनांक 05.06.2013 को प्रस्तुत करते हुए उल्लेख किया है कि ग्राम जगनपुर के खाता सं0 11 गाटा सं0 226 रकबा 1.1850हे0 है जिस पर प्रार्थी का नाम संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है। उक्त भूमि मौके पर एक कमरा बना है तथा चारो ओर बाउण्ड्री वाल का निर्माण हो चुका है। उक्त भूमि पर कोई कृषि कार्य नहीं हो रहा है, तथा उक्त भूमि पर बागवानी, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, आदि नहीं होता है । ज0वि0अधि0 135 के अन्तर्गत आख्या प्राप्त की गयी है। प्रश्नगत गाटों में अकृषिक अंश को अलग रंग से दिखाया गया है।

मैनें पत्रावली का अवलोकन किया विद्वान अधिवक्ता की बहस को सुना तथा पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों का विधिवत अवलोकन किया और पाया कि तहसीलदार अकबरपुर की आख्या दिनांक 05.06.2013 की आख्या पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई ऐसी स्थिति में तहसीलदार अकबरपुर की आख्या दिनांक 05.06.2013 की पुष्टि किये जाने में कोई विधिक बाधा प्रतीत नहीं होती है।

आदेश

उक्त वाद में तहसीलदार अकबरपुर की आख्या दिनांक 05.06.2013 की पुष्टि की जाती है, ग्राम जगनपुर के खाता सं0 11 गाटा सं0 226 रकबा 1.1850हे0 को अकृषिक भूमि घोषित कर लगान से मुक्त की जाती है। नजरी नक्शा आदेश का अंग होगा। प्रख्यापन पत्र जारी हो आदेश की प्रति उपनिबन्धक को भी जारी की जाय। पत्रावली वाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर की जाय।

दिनांक– 18/6/13

(समीर वर्मा) 18/6/13
सहा0कले0प्र0श्रे0 / उपजिलाधिकारी,
अकबरपुर, कानपुर देहात।

यह निर्णय मेरे द्वारा हस्ताक्षरित एवं दिनांकित करके खुले न्यायालय में उद्घोषित किया गया।

दिनांक–

(समीर वर्मा) 18/6/13
सहा0कले0प्र0श्रे0 / उपजिलाधिकारी,
अकबरपुर, कानपुर देहात।